644

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।

विकास पथ, गाजियाबाद।

(I.S.O. 9001:2015 एवं I.S.O. 14001:2015 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः /2024 दिनांकः

प्रभारी विज्ञापन

कृपया नीलामी सूचना का विज्ञापन नियमानुसार समाचार–पत्रों में प्रकाशित कराने एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया में प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करें।

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में अनिस्तारित/रिक्त विभिन्न श्रेणी के व्यवसायिक/औद्योगिक/आवासीय भूखण्डों, कर्पूरीपुरम भवनों इत्यादि की नीलामी दिनांक 06.11.2024 को लोहिया नगर, गाजियाबाद स्थित हिन्दी भवन में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित की जानी है। उक्त नीलामी में इन्दिरापुरम विस्तार योजना के ले–आउट में कतिपय संशोधन हो जाने के फलस्वरूप दिनांक 06.11.2024 को प्रस्तावित नीलामी की सूची में इन्दिरापुरम विस्तार योजना के अन्तर्गत आवासीय भूखण्ड संख्या–ए–13 से ए–32 तक के भूखण्ड की आरक्षित दर रू0 1,62,000.00 प्रति वर्ग मी0 के स्थान पर संशोधित करते हुए रू0 1,75,000.00 प्रति वर्ग मी0 एवं व्यवसायिक भूखण्ड संख्या–सी0–1 व सी0–2 की आरक्षित दर रू0 3,24,000.00 प्रति वर्ग मी0 के स्थान पर संशोधित करते हुए रू0 3,50,000.00 प्रति वर्ग मी0 रहेगी तथा उक्त योजना के भूखण्डों के क्षेत्रफल में कतिपय विचलन/संशोधन हो जाने के कारण संशोधित क्षेत्रफल एवं आरक्षित दर के अनुसार ही दिनांक 06.11.2024 को प्रस्तावित आगामी नीलामी में आवेदनकर्ताओं/प्रतिभागियों द्वारा सम्पत्तियों के सापेक्ष बोली दी जायेगी। उक्त नीलामी में इन्दिरापुरम विस्तार योजना की सम्पत्ति के सापेक्ष उच्चतम/सर्वोच्च बोली प्राप्त होने पर सफल बोलीदाता/आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ सम्बन्धित बैंक में जमा की गयी धरोहर राशि का समायोजन करते हुए संशोधित दरों के अनुसार सम्पत्ति के कुल मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि की अवशेष धनराशि की आवंटन पत्र के अनुसार मांग की जायेगी। उक्त नीलामी सम्बन्धी विस्तृत विवरण की जानकारी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद की वेबसाईट www.gdaghaziabad.in से प्राप्त की जा सकती है।

(कनिका कौशिक)
विशेष कार्याधिकारी/
प्रभारी व्यवसायिक

पृष्ठांकनः 2068 [illegible] /2024 दिनांकः 30/10/24

प्रतिलिपिः

1. प्रभारी कम्प्यूटर को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना प्राधिकरण की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
2. शाखा प्रबन्धक, HDFC बैंक, आर0डी0सी0, राजनगर को आवश्ययक कार्यवाही हेतु।

विशेष कार्याधिकारी/
प्रभारी व्यवसायिक